देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 105 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...सीमा के उस पार




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 22 जुलाई 2020




मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 22.0°

37930.33 | 2 पीएम केपी शर्मा ओली को झटका | 7 बेन स्टोक्स बने नंबर वन ऑलराउंडर

## संक्षिप्त समाचार

### पायलट गुट को 24 जुलाई तक राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने अशोक गहलोत सरकार से बगावत करने वाले सचिन पायलट गुट की याचिका पर लगातार तीसरे दिन सुनवाई करते हुए फैसला 24 जुलाई तक सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश इंद्रजीत महांती और न्यायाधीश प्रकाश गुप्ता की अदालत ने सुनवाई करते हुए सचिन पायलट गुट की ओर दायर याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पायलट गुट को फौरी राहत दी है। फैसला सुरक्षित रखने के साथ ही हाईकोर्ट ने 24 जुलाई तक स्पीकर से भी नोटिस मामले में कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

### उत्तराखंड में जल्द हो सकता है कैबिनेट विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड त्रिवेंद्र सरकार के कार्यकाल को लगभग साढ़े 3 साल हो गये है। लेकिन अभी तक राज्य सरकार खाली पड़े मंत्रिमंडल के पदों को नहीं भर पायी है। दो पद तो सरकार के गठन के समय से ही खाली चल रहे हैं। इसके साथ ही वित्त मंत्री प्रकाश पंत के निधन के बाद एक और पद खाली हो गया था। ऐसे में समय–समय पर मंत्रिमंडल के पदों को भरने की खबरें सामने आती रहती हैं। इसी क्रम में अब सीएम ने एक बार फिर खाली पदों को जल्द ही भरने की बात कही है।

### लालजी टंडन के निधन पर राज्यपाल,मुख्यमंत्री शोकाकुल

**संवाददाता** देहरादून। मध्यप्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर उत्तराखंड की राज्यपाल बेबीरानी मौर्य, मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने लालजी टंडन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल मौर्य ने अपने संदेश में कहा है कि मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन के निधन का समाचार पाकर अत्यंत दुख हुआ।

# संवैधानिक है देवस्थानम बोर्ड

## चारधाम देवस्थानम अधिनियम को लेकर हाईकोर्ट से प्रदेश सरकार को मिली बड़ी राहत

**संवाददाता**

नैनीताल। चारधाम देवस्थानम अधिनियम को लेकर हाईकोर्ट से प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है। मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्यसभा सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी को झटका देते हुए अधिनियम को संवैधानिक करार दिया है। इस अम फैसले के बाद प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने अधिनियम को चुनौती देती सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की जनहित याचिका खारिज कर दी। स्वामी ने मामले को सुप्रमी कोट ले जानी की बात कही है।

देवस्थानम अधिनियम देवस्थानम बोर्ड के विरोध में सुब्रमण्यम स्वामी ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। थी जिसमें

■सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की जनहित याचिका खारिज

उन्होंने कहा था कि सरकार द्वारा लाया गया यह एक्ट असंवैधानिक है और संविधान के अनुच्छेद 25,26 और 32 और जनभावनाओं के विरुद्ध है। जबकि सरकार की ओर से कहा गया था कि यह अधिनियम संवैधानिक है और सरकार को इसका अधिकार है। इस मामले में रुलक संस्था ने भी सरकार के अधिनियम का समर्थन करते हुए स्वयं पक्षकार का प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने फैसला सुनाते हैं अधिनियम को संवैधानिक करार दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे स्वामी



फैसला आने के बाद स्वामी ने ट्वीट करते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तराखंड का मामला कुछ खंडों के अधीन खारिज हो गया है। आदेश की पूरी कॉपी मिलने के बाद बाद सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा। स्वामी ने दूसरा ट्वीट करते हुए लिखा है कि मुझे हाईकोर्ट से हार के बाद सुप्रीम कोर्ट से जीत मिली है। 2 जी स्पेक्ट्रम समेत कुछ केस इसके उदाहरण है। फैसले की पूरी कॉपी देखने के बाद में सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा।

**क्या है चारधाम देवस्थानम एक्ट** चारधाम और उनके आसपास के 51 मंदिरों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास, समुचित यात्रा संचालन एवं प्रबंधन के लिए उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम प्रबंधन अधिनियम का गठन किया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। संस्कृति मामलों के मंत्री को बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया है। मुख्य सचिव, सचिव पर्यटन, सचिव वित्त व संस्कृति विभाग भारत सरकार के संयुक्त सचिव स्तर तक के अधिकारी पदेन सदस्य होंगे।

### यह भी होंगे बोर्ड में

टिहरी रियासत के राजपरिवार के एक सदस्य, हिंदू धर्म का अनुसरण करने वाले तीन सांसद, हिंदू धर्म का अनुसरण करने वाले छह विधायक, राज्य सरकार द्वारा चार दानदाता, हिंदू धर्म के धार्मिक मामलों का अनुभव रखने वाले व्यक्ति, पुजारियों, वंशानुगत पुजारियों के तीन प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। चारधाम देवस्थानम अधिनियम चारधाम और उनके आसपास के मंदिरों की व्यवस्था में सुधार के लिए है। मकसद ये है कि यहां आने वाले यात्रियों का ठीक से स्वागत हो और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलें। साथ ही बोर्ड भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करे।

# हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड के पास गिरी आकाशीय बिजली

## पैड़ी की 1935 में बनी बाउंड्रीवॉल धराशाही

**संवाददाता**

हरिद्वार। हरिद्वार में रात में हुई तेज बारिश के कारण हर की पौड़ी ब्रह्मकुंड के पास की दीवार पर रखे गए बिजली के ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर समेत दीवार ध्वस्त हो गई। घटना के वक्त आसपास किसी के ना होने के कारण जान के नुकसान की फिलवक्त का कोई सूचना नहीं है, जबकि इससे क्षेत्र की बिजली बाधित हो गई। पुलिस प्रशासन और श्री गंगा सभा के सेवादारों ने आसपास बैरिकेडिंग लगाकर श्रद्धालुओं का हर की पैडी ब्रह्मकुंड पर जाना रोक कर क्षेत्र में फैले मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत नरेंद्र गिरि ने हर की पैड़ी पहुंचकर क्षतिग्रस्त दीवार का जायजा लिया। श्री गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने भी दीवार का निरीक्षण किया। मंगलवार तड़के केबिल के रिंग मेन यूनिट के बॉक्स पर आकाशीय बिजली आ गिरी। जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। विस्फोट इतना भयंकर थी कि हर की पैड़ी की 1935 में बनी बाउंड्री वॉल धराशाही हो गई। गनीमत रही कि उस समय आस पास कोई मौजूद नहीं था।



**मनसा देवी मंदिर पहाड़ी के ट्रीटमेंट की मांग**

हर की पैड़ी पर श्री गंगा सभा के कैंप कार्यालय में गंगा सभा के पदाधिकारियों और अन्य साधु महात्माओं के साथ अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत नरेंद्र गिरि ने चर्चा की। उन्होंने हर की पैड़ी पर आकाशीय बिजली के कारण दीवार के गिरने की घटना को क्षेत्र के लिए खतरनाक बताते हुए राज्य सरकार से मनसा देवी मंदिर पहाड़ी के ट्रीटमेंट की मांग की।

# समंदर के फाइटर को चीन सीमा पर तैनात करेगा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन से तनाव के मद्देनजर पूर्वी लद्दाख में भारतीय नौसेना के पी–8एल निगरानी विमान लगातार मंडरा रहे हैं और अब समुद्री युद्धक विमान मिग–29के को भी अभियानों पर लगाने की तैयारी चल रही है। नौसेना के इस युद्धक विमानों को वायुसेना के अलग–अलग बेस पर तैनाती पीएम मोदी के निर्देश और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की सोच के अनुकूल है।

**एलएसी पर निगरानी में नौसेना की बड़ी भूमिकाः** भारतीय नौसेना चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी के साथ जारी विवाद के बीच एलएसी पर निगरानी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीमा के आसपास चीनी गतिविधियों पर नजर रखने में नौसेना के विमानों की मदद ली जा रही है। 2017 में डोकलाम में हुए विवाद के वक्त भी नौसेना के निगरानी विमानों का जमकर इस्तेमाल किया गया था। भारतीय नौसेना के पास 40 से ज्यादा मिग–29के युद्धक

### प्लान

■एयरफोर्स के बेस पर नेवी के फाइटर एयरक्राफ्ट्स भी तैनात होंगे

**तीनों सेनाओं की एकजुट कार्रवाई** प्रधानमंत्री ने सेना के तीनों अंगों– आर्मी, नेवी और एयरफोर्स – में आपसी समन्वय कायम करने का निर्देश दिया। वहीं सीडीएस ने देश की उत्तरी या पश्चिमी सीमाओं पर एयरफोर्स के साथ–साथ नौसेना के युद्धक विमानों को भी तैनात रखने का विजन दिया है।

विमानों का एक बेड़ा है जो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात हैं। ये गोवा में नौसेना का फाइटर बेस आईएनएस हंस से नियमित उड़ान भरते हैं। भारतीय नौसेना ने एक दशक पहले ये विमान रूस से खरीदे थे। सूत्रों के मुताबिक, आईएनएस चक्र और आईएनएस अरिहंत समेत नौसेना के दूसरे परमाणु पनडुब्बियां भी सक्रिय हैं।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# उत्तराखंड के पांच जिलों में रेड अलर्ट जारी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के पांच जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में बहुत भारी बारिश की आशंका है। यहां मौसम विभाग ने आपदा के लिहाज से प्रशासन को अलर्ट रहने की सलाह दी है। वहीं, देहरादून,

### हो सकती है भारी से बहुत भारी बारिश

हरिद्वार टिहरी और पौड़ी जिले में भी आज और कल भारी बारिश की संभावना है। इसके आलवा प्रदेश के कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं।

कोटद्वार में मंगलवार दोपहर कोटद्वार–दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य बरसाती रपटे में आए मलबे और पानी से एक कार बह गई है। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है। उपजिलाधिकारी योगेश मेहरा ने बताया कोटद्वार ने बताया कि उक्त घटना में दो व्यक्ति के लापता होने और एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। बरसाती रपटे पर मलबा आने से एनएच बंद है।